न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 109/2021 बउनवानी राधेश्याम जांगिड बनाम लो.सू.अधि.एवं तहसीलदार मलारना डूंगर पुत्र श्री बृजमोहन जांगिड, निवासी श्रीनाथपुरम, मकान नम्बर, 811 बी, कोटा

GCMS No-2021/311

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
23.12.2021	पंत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने हेतु दिनांक 17.10.2021 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर के कार्यालय में अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गयाः– 1. श्रीमान जी प्रार्थी द्वारा आपके पास भेजे गये प्रार्थना पत्र दिनांक दिनांक 23.7.2021 की छायाप्रति सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर आपको भिजवायी जा रही है आपके द्वारा प्रार्थी की जमीन का तकासमा बटवारा कब तक करेगे जिसकी सूचनाः– 2. श्रीमान जी प्रार्थी के प्रार्थना पत्र दिनांक 23.7.2021 के अनुसार आपके द्वारा कब तक अब तक की गयी सम्पूर्ण कार्यवाही की सूचना तथा सम्पूर्ण नोटिस की प्रमाणित सूचना। 3. श्रीमान जी प्रार्थी द्वारा आपको भेजे गये प्रार्थना पत्र दिनांक 23.7.2021 के अनुसार आपके द्वारा किया गया तकासमा के नक्शा ट्रेस व चिन्हित जगह की प्रमाणित प्रति। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी तलबी जरिये नोटिस की गयी। नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही हुआ। दौराने सुनवायी पैरोकार राजस्व ने लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांकः सूकाअ/2021/487 दिनांक 22.12.2021 की ओर ध्यान आकर्षित कर कथन किया कि अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 17.10.2021 के बिन्दु संख्या 1 व 3 पर चाही सूचना प्रश्नात्मक एवं पूर्ण विवरण अंकित नही होने के कारण सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है तथा बिन्दु संख्या 2 की सूचना तहसील कार्यालय मलारना डूंगर के पत्रांक 5155 दिनांक 13.09.2021 से अपीलान्ट को भिजवाते हुए बिन्दु संख्या 1,3 के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया। पैरोकार राजस्व द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनंक 17.10.2021 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 2 पर चाही गयी सूचना तहसीलदार मलारना डूंगर द्वारा पत्रांक 5155 दिनांक 13.9.2021 से उपलब्ध करवाया जाना बताया गया है जो कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र से पूर्व उपलब्ध करवायी गयी है। किन्तु प्रार्थना पत्र दिनांक 17.10.2021 पर कोई सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है। अतः लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूंगर को निर्देशित किया जाता है कि अपीलान्ट को पत्र दिनांक 23.7.2021 के संदर्भ मे की गयी सम्पूर्ण कार्यवाही की सूचना उक्त तीनो बिन्दुओ के अनुसार 15 दिवस मे निःशुल्क उपलब्ध करवायी जावे। उक्त निर्देश के साथ अपील अपीलान्ट का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आदेश खुले न्यायालय में सुनवाया गया। Signature Not Verified Digitally signed by Rajendra Kishan Date: 2022.01.17 18:00:59 IST Reason: SelfAttested (राजेन्द्र किशन) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर